नाथद्वारा में हेलिकॉप्टर जॉयराइड

चर्चा में क्यों?

28 अगस्त, 2021 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने राजसमंद ज़िले के नाथद्वारा में हेलिकॉप्टर जॉयराइड का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन विकास को नई ऊँचाईयाँ प्रदान की जाएंगी और सरकार, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा।
- जोशी ने कहा कि नाथद्वारा आने वाले पर्यटकों को उदयपुर-नाथद्वारा-कुंभलगढ़ के नैसर्गिक सौंदर्य को हेलिकॉप्टर के माध्यम से निहारने का मौका मिलेगा तथा वह एक दिन की बजाय दो-तीन दिन नाथद्वारा में रुककर पर्यटन का आनंद ले सकेंगे, जिससे क्षेत्र के पर्यटन विकास सहित यहाँ के लोगों का आर्थिक विकास भी संभव हो सकेगा।
- उन्होंने कहा कि यात्रीभार को देखते हुए हेलिकॉप्टर की संख्या में भी इजाफा किया जा सकेगा और आगामी दिनों में दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर का उपयोग भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helicopter-joyride-in-nathdwara